पूर्व छात्र संगठन साधारण सभा की बैठक
दिनांक 10/6/23

शा० हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल पूर्व छात्र संगठन समिति (साधारण सभा) की बैठक आज दिनांक 10/6/2023 दिन शुक्रवार शाम 4 बजे संस्था के कार्यालय कक्ष/सभागार आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष श्री दीपचंद यादव द्वारा की गई

आज बैठक में उपस्थित सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार रही —

1 दीपचन्द यादव — [signature] 10/6/2023
2 V.K. Gondal — [signature] 10/6/23
3 G.K. Shrivastava — [signature]
4 Rajesh Narayan Shrivastava — [signature]
5 Subhash Bhutani — [signature]
6 S.L. Yadav — [signature]
7 M.I. Khan — [signature] 10/6/23
8 Kalim Akhtar — [signature]
9 Jagmohan Agrawal — [signature]
10 Santosh Simrodia — [signature]
11 G.D. Gupta — [signature]
12 Farzana Ghazal — [signature]
13 Anil Dubey — [signature]
14 Dr. Pushpalata Chouksey — [signature]

PRINCIPAL
Govt. Hamidia Arts & Commerce College, Bhopal

कार्यकारणी बैठक - दिनांक - 13.01.2024.

शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय पूर्व विद्यार्थी संगठन समिति बैठक (कार्यकारणी) का आयोजन आज दिनांक 13.01.2024 दिन शनिवार को सायं 4 बजे से संस्था के कार्यालय महाविद्यालय परिसर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष दीपचन्द्र यादव द्वारा की गयी। अध्यक्ष की अनुमति उपरान्त महासचिव जी०के० श्रीवास्तव द्वारा विधिवत बैठक आरम्भ की गयी।

सदस्यों को पूर्व से सूचित किये गए एजेण्डे के अनुसार चर्चा आरम्भ की गयी। आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर संस्था द्वारा गरीब, बेसहारा व्यक्तियों के लिए वस्त्र दान करने के आयोजन पर चर्चा की गयी। संस्था के कोषाध्यक्ष रामशनारायण श्रीवास्तव ने बताया कि जवाहर चौक टीन्टुडु नगर में हनुमान मंदिर के पास चित्रगुप्त मंदिर के आगे एक नेकी की दीवार बनी हुई है वहां पर जाकर हम वस्त्र दान कर सकते हैं। उक्त समय पर जो जरूरतमंद लोग वहां उपस्थित हो उन्हे सीधे दान दिया जा सकता है अगर वस्त्र बचते हैं तो उन्हे वहां अधिकृत चौकीदार को दिया जाता है जो समय-समय पर वस्त्र दान करता है। वहां ऐसी व्यवस्था भी है कि आप वहां दीवार पर लगे हुए बांस जिस पर कीले गढ़ी हुई हैं पर भी वस्त्र टांग सकते हैं जिस जरूरतमंद को जिस वस्त्र की आवश्यकता होती है वो वहां से उक्त वस्त्र उठा लेते हैं और इस्तेमाल के लिए ले जाते हैं। अतः जो भी सदस्य वस्त्र नये या पुराने जो अच्छी स्थिति में उपयोग करने लायक हो उस दिन लाकर दे सकते हैं। सर्वसम्मति से यह निश्चित किया गया कि उक्त दिन इच्छुक सदस्य जो वस्त्र दान में सहयोग करना चाहते हैं वो उस दिन प्रातः 11 बजे महा०

PRINCIPAL
Hamidia Arts & Commerce
Bhopal

में वस्त्र लेकर एकत्रित हों वहां से सभी सदस्य एक साथ जाकर वस्त्र दान कार्यक्रम में शामिल होकर वस्त्र दान करेंगे।

एजेण्डे के अगले बिन्दु पर आपसी चर्चा और विचार-विमर्श उपरान्त निश्चित हुआ गया कि जो भी सदस्य गणतन्त्र दिवस के आयोजन में शामिल होना चाहते हैं वो प्रातः 8 बजे महाविद्यालय में एकत्रित होकर आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं। आयोजन उपरान्त जितने सदस्य वहां उपस्थित रहेंगे वो आगामी समय में संगठन के वस्त्र दान आयोजन में शामिल होएंगे। जो सदस्य दोनों आयोजन में आना चाहते हैं वो अपने स्तर से यहां उपस्थित हो जाएं और जो सीधे वस्त्र दान में आना चाहते हैं वो वहां आ जाएं।

एजेण्डे के अगले बिन्दु पर चर्चा के उपरान्त निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी जो कई वर्षों से विभिन्न जगहों पर चले गए हैं या भोपाल के बाहर रह रहे हैं या कोई व्यवसाय अन्य शहरों में कर रहे हैं या वर्तमान समय में कहीं नौकरी या अन्य कार्यों में संलग्न हैं उनका पता और सम्पर्क ढूंढकर एकत्रित किया जाए। उनका एक रिकार्ड बनाया जाए। उनके बारे में सम्पूर्ण जानकारी एकत्रित कर उसे एक रजिस्टर में संरक्षित किया जाए एवं कम्प्यूटर में फीड कर सुव्यवस्थित रूप से सूचीबद्ध किया जाए। जब अधिक से अधिक पूर्व साथियों का सम्पूर्ण डेटा हमारे पास एकत्रित हो जाएगा तब पूर्व विद्यार्थी संगठन एक वृहद स्तर पर गेट टू गेदर का भव्य व विशाल आयोजन किया जाए जिसमें

PRINCIPAL
...ia Arts & Commerce

सभी साथियों को जोड़ा जाएगा। इससे बिछड़े हुए पूर्व साथी एक दूसरे से मिलकर अपनी पुरानी यादें ताजा करेंगे। एक दूसरे के सुख-दुख में शामिल होने का प्रयास करेंगे। इससे एक और फायदा यह होगा कि हम समाज में ऐसे सभी इच्छुक लोगों को सदस्य बनाएंगे और आगामी समय में या भविष्य में ऐसे अनेकों आयोजन सामुहिक रूप से करने में सक्षम हो जाएंगे जिससे हमारे संगठन द्वारा महाविद्यालय एवं अध्ययनरत विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास और उत्थान कर सकेंगे। उक्त राशि एकत्रित करने में हमें महाविद्यालय प्रशासन से भी सहयोग लेना चाहिए उनके पास जो छात्रों का डेटा हो तो उनसे लिया जा सकता है। इस हेतु उपस्थित सदस्यों ने संस्था महासचिव, कोषाध्यक्ष, रीना शर्मा, हेमांगी अरोड़ा, संतोष सिसोदिया व जो इच्छुक हो उन्हें सम्मिलित किया गया।

PRINCIPAL
Govt. Hamidia Arts & Commerce College, Bhopal

(डी०के० श्रीवास्तव)

Date: / / Page no:

कार्यकारणी बैठक दिनांक - 20.04.2024.

शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय पूर्व विद्यार्थी संगठन समिति की बैठक का आयोजन आज दिनांक 20.04.2024 दिन शनिवार को दोपहर 3 बजे संस्था कार्यालय महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष दीपचन्द्र यादव द्वारा की गयी। अध्यक्ष की अनुमति उपरान्त संस्था महासचिव जी. के. श्रीवास्तव द्वारा विधिवत बैठक आरम्भ करी।

निर्धारित एजेण्डनुसार चर्चा आरम्भ की गयी प्रथम विषय पर चर्चा आरम्भ करते हुए महासचिव ने कहा कि विगत बैठक में लिए गए निर्णयानुसार सदस्यों द्वारा बहुत से पूर्व विद्यार्थियों के नाम व सम्पर्क नंबर इकट्ठे किए गए हैं उन्हें एकजगह संग्रहित किया जा रहा है लेकिन अभी यह बहुत कम मात्रा में है हम चाहते हैं कि कम से कम एक हजार पूर्व विद्यार्थियों का डाटा हमारे पास एकत्रित हो जाए। सदस्य प्रयास कर रहे हैं आज के व्यस्ततम समय में कुछ समय निकालना और नाम, पते, संपर्क एकत्रित करना भी बड़ा टेडा कार्य है फिर भी हमारे पास डाटा इकट्ठा हो रहा है शीघ्र ही हम प्रण अनुसार कार्य जरूर संपन्न करेंगे।

एजेण्डे के अगले बिन्दु पर महासचिव ने बताया कि पूर्व विद्यार्थी संगठन के सम्मानित सदस्यों की एक (पिकनिक) गेट टू गेदर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी सदस्य अपने परिवार के साथ इसमें शामिल हो सकते हैं। इससे आपसी तालमेल तो बढ़ेगा ही एक-दूसरे के परिवार को भी जानने का अवसर मिलेगा। सभी सदस्य आपसी कार्यक्रम में

PRINCIPAL
Govt. Hamidia Arts & Commerce
College, Bhopal

खेलकूद की गतिविधियों जैसे - गाना, संगीत, तम्बोला, एवं अन्य खेलों में भाग ले सकते हैं। चाय-नाश्ते एवं दाल-बाफले के व्यंजन का लुफ्त भी उठाएंगे। कोई भी सदस्य अगर और कोई गतिविधि करना चाहता है तो वह बता सकता है उस हिसाब से व्यवस्था की जा सकती है। अभी उक्त आयोजन के लिए प्रति जोड़ा दो सौ रूपये भाग की राशि सदस्यों से लिए जाएंगे। जो भी सदस्य उक्त आयोजन में भाग लेना चाहते हैं वो संस्था की सदस्या श्रीमति रीना वर्मा, हेमांगी अरोड़ा एवं श्यामलाल यादव जी के पास राशि अभी या आगामी 10 दिनों तक जमा कर सकते हैं। जितनी राशि एकत्रित होगी उस हिसाब से आयोजन किए जाने की व्यवस्था की जाएगी।

एजेण्डे के अगले बिन्दु पर सदस्यों को बताया गया कि आगामी माह में संस्था द्वारा समाजहित, जनहित, छात्रहित एवं महाविद्यालय में एलुमिनायी के सक्रिय योगदान पर ज्ञानवर्धक, सांस्कृतिक व साहित्यिक आयोजन किया जाना है। सभी सदस्यों ने आपसी चर्चा एवं विचार-विमर्श उपरान्त निर्णय लिया कि सर्वप्रथम तो महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए कोई सार्थक आयोजन किया जाना चाहिए जिससे वो अपने भविष्य के करियर के लिए लाभान्वित हो सकें। चर्चा उपरान्त सुझाव आये कि विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन एवं सही राह दिखाने के लिए विभिन्न विषयों में विख्यात विद्वानों के उद्बोधन कराए जाएं। विषयों का चयन किया जाए जिनसे उन्हें लाभ मिल सके। इस हेतु एक समिति का गठन किया ~~जाए गया जो एक निर्धारित विषय~~ गया जो उद्बोधन देने वाले सम्माननीय के साथ बैठकर उद्बोधन का विषय तय करेंगे। किस विषय पर

PRINCIPAL
Hamidia Arts & Commerce
... Bhopal

Date: / / Page no:

उद्बोधन दिया जायेगा। इस हेतु संस्था अध्यक्ष,
उपाध्यक्ष, महासचिव व कोषाध्यक्ष को अधिकृत
किया गया कि वो किस क्षेत्र में किस विषय
पर और किस का उद्बोधन होना है कार्यक्रम
करेंगे। समय और स्थान दिनांक भी कार्यक्रम
का सभी सदस्यों, प्राध्यापकों व विद्यार्थियों को
इससे अवगत करवाया जा कर उनकी सहभागिता
आयोजन में निश्चित की जायेगी।

PRINCIPAL
Govt. Hamidia Arts & Commerce
College, Bhopal

Date: / / Page no:

साधारण सभा बैठक - 27.07.2024

अध्यक्ष की अनुमति उपरान्त बैठक को विधिवत आरम्भ किया गया।

एजेण्डे के प्रथम बिन्दू पर समिति के कोषाध्यक्ष द्वारा संस्था का आय-व्यय का सम्पूर्ण ब्योरा प्रस्तुत किया जिसमें वर्ष 2023-2024 01 अप्रैल 2023 से 31.03.2024 तक का आय-व्यय की कैश बुक, लेजर बुक, मूल बिल, मूल वाउचर, बैंक पासबुक, चेकबुक, आडिट रिपोर्ट सहित अन्य दस्तावेज समस्त सदस्यों के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत किये। उपस्थित समस्त सदस्यों ने पटल पर रखे गए समस्त दस्तावेजों का बारीकी से निरीक्षण एवं अवलोकन किया। समस्त सदस्यों ने उक्त वित्तीय वर्ष के आय-व्यय को मान्य किया। सर्वसम्मति से उपस्थित समस्त सदस्यों ने उक्त आय-व्यय को स्वीकृत कर मान्य करते हुए अनुमोदित किया गया।

एजेंडे के दूसरे बिंदू पर समिति के महासचिव द्वारा समिति द्वारा उक्त [illegible] में

PRINCIPAL
Govt. Hamidia Arts & Commerce

Date: / / Page no:

सम्पन्न हुए कार्यों के बारे में विस्तृत से बताया एवं समिति द्वारा किए गए कार्यों को बिन्दु वार प्रस्तुत किया। उपस्थित समस्त सदस्यों ने किए गए कार्यों का अवलोकन किया। साथ ही सुझाव भी दिए गए कि समिति द्वारा आगामी वर्ष में और अत्याधिक कार्य किए जाए। उपस्थित समस्त सदस्यों ने सर्वसम्मति के आधार पर प्रस्तुत प्रगति प्रतिवेदन को मान्य करते हुए स्वीकृत कर अनुमोदित किया गया।

एजेण्डे के तीसरे बिन्दु पर चर्चा आरम्भ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य ने सुझाव दिया कि आगामी माह में पूर्व विद्यार्थी समिति द्वारा एक सेमिनार का आयोजन महाविद्यालय के छात्रों के हित में किया जाए जिससे उन्हें संबंधित विषय पर अत्याधिक जानकारी मिले जो भविष्य में उनके केरियर (उज्वल भविष्य) के काम आ सके। इसी क्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डा. शरद तिवारी ने सुझाव / प्रस्ताव रखा कि पूर्व विद्यार्थी समिति द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों के उत्थान एवं महाविद्यालय के विकास में सहयोग हेतु ऐसे कार्य करना चाहिए जिससे महाविद्यालय, विद्यार्थी एवं समिति आर्थिक रूप से सशक्त मजबूत हो और समिति प्रगति के पथ पर अग्रसर हो। उपस्थित समस्त सदस्यों ने कहा कि महाविद्यालय के विकास हेतु विभिन्न आयोजनों को समय-समय पर करना चाहिए जिसमें विभिन्न विषयों पर सेमिनार, वृक्षारोपण, निशुल्क सामग्री वितरण, चिकित्सा शिविर, निशुल्क दवाई वितरण एवं अन्य और भी कार्य जो महाविद्यालय एवं विद्यार्थियों के हित में किए जाने चाहिए। इस हेतु उक्त आयोजनों पर जितना भी व्यय आए उसे समिति, महाविद्यालय एवं अन्य स्त्रोतों से अर्जित कर सम्पन्न किया जाए। इस हेतु समिति

PRINCIPAL
Hamidia Arts & Commerce College, Bhopal

Date: / / Page no:

कोषाध्यक्ष एवं अन्य कोई सदस्य जो इच्छुक हो निर्णय लेने हेतु अधिकृत है। उपस्थित समस्त सदस्यों ने समिति द्वारा आगामी वर्ष में किए जाने वाले विभिन्न आयोजनों पर स्वीकृति व्यक्त करते हुए मान्य कर अनुमोदित किया।

एजेण्डे के अन्य बिन्दु पर उपस्थित सदस्यों ने संस्था की कार्यकारणी द्वारा लिए गए विभिन्न निर्णयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की। विचार-विमर्श एवं आपसी सहमति उपरान्त सर्वसम्मति से समिति द्वारा किए गए कार्यों एवं लिए गए निर्णयों को मान्यता प्रदान की गई स्वीकृति उपरान्त सर्वसम्मति से विषय को अनुमोदित किया गया।

एजेण्डे के अगले बिन्दु पर चर्चा आरंभ की गयी जिसमें समिति द्वारा विभिन्न चेरेटेबिल गतिविधियों को सुचारु रूप से सम्पन्न करवाने के लिए समिति को आर्थिक रूप से सुदृढ़ होना पड़ेगा। इस हेतु उपस्थित सदस्यों में से सभी ने कहा कि सर्वप्रथम महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों को एकत्रित किया जाए और उनके समक्ष समिति अपनी गतिविधियों के बारे में अवगत करवाएं, अपने प्रोजेक्टस के बारे में अवगत करवाएं और उनसे क्या सहयोग ले सकते हैं उन्हें बताए। सर्वप्रथम समिति फण्ड एकत्रित करे और उस हिसाब से आगामी कार्यक्रमों और आयोजन की रूपरेखा तैयार करें। सभी सदस्यों ने अपनी स्वीकृति व्यक्त की। सुझाव आया कि संस्था की सदस्यता भी प्राथमिकता से शुरू की जाए ज्यादा से ज्यादा सदस्यों को समिति से जोड़ा जाए उन्हें समिति के द्वारा

संचालित गतिविधियों से अवगत कराया जाए एवं आगामी योजनाएं जिससे आमजन, विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय का सर्वांगीण विकास हो के बारे में विस्तार से बताया जाए।

अध्यक्ष की अनुमति उपरान्त संस्था को बाध्यक्ष राजेश नारायण श्रीवास्तव ने पुनः प्रस्ताव रखा कि एक पत्र एवं मौखिक चर्चा के साथ प्राचार्य से महाविद्यालय के व विद्यार्थियों के हित में लगातार कार्य कर रहे एवं विद्यार्थी संगठन (रजि०) को महाविद्यालय में बैठकर कार्य करने हेतु एक कक्ष आवंटित किया जाए जिसमें संस्था के कार्यों के संचालन हेतु बैठक व्यवस्था, एक कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्टेशनरी, टेबल-कुर्सी, अलमारी व अन्य मूलभूत सुविधाएं हो जिससे आसानी से और अच्छे से कार्य किए जा सकें। अभी अ… मीटिंग करना है

या कोई अन्य तैयारियां करन… से

या अलग-अलग स्तर पर …

समय भी बर्बाद होता है … को

संस्था के कई सदस्य … इस

सामूहिक एक स्थान पर … और के

सुविधा होगी। उपस्थि… ओं को

सुझाव को सर्वसम्मति… एकत्रा

से आस्थायी कक्ष … करेंगे। चयनित

करवाये जाने हेतु … और से प्राप्त-

निश्चय किया … को सम्मानित किया

… और निर्णय हुआ कि

…स्य अपने पूर्वजों की स्मृति

…। अधिक कक्षा के विद्यार्थियों को

…कर सकते हैं जिसकी निर्धारित राशि

…की स्मृति में संस्था को प्रदान करना होगी

…का चेक चयनित विद्यार्थी को प्रदान …

(डॉ. के. श्रीवास्तव महासचिव)

PRINCIPAL … Commerce

Date: / / Page no:

कार्यकारणी बैठकांक - 17.08.2024

शासकीय हमीदिया एवं वाणिज्य महाविद्यालय
पूर्व विद्यार्थी संगठन ति की बैठक का आयोजन
आज दिनांक 17.08.। दिन शनिवार को सांय
4 बजे संध्या कक्ष में किया गया। बैठक की
अध्यक्षता संस्था के दीपचन्द यादव द्वारा
की गयी।

अध्यक्ष की अनुमति उपरान्त महासचिव
जी.के. श्रीवास्तव ने बैठक आरम्भ की।
आज की बैठक के निर्धारित दो एजेण्डे में
से प्रथम एजेण्डे पर महासचिव ने उपस्थित सदस्यों
को अवगत कराया आगामी 22 अगस्त को
महाविद्यालय के वर्तमान अध्ययनरत विद्यार्थियों
के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन पूर्व विद्यार्थी
संगठन द्वारा किया जा रहा है जिसकी समस्त
तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है सिर्फ प्रचार-प्रसार
और आमंत्रण का काम चल रहा है। महासचिव ने
बताया कि इस हेतु गठित समिति ने विभिन्न
विषयों पर विद्यार्थियों के लिए व्याख्यान माला
के पहले चरण होगी विवेकानन्द जी की
स्मृति में उनकी स्मृति में
व्याख्यानमाला के विषय "उठो जागो और प्राप्त करो" ज्ञान
और विषय "उठो, जागो और श्रेष्ठजनों के पास जाकर
ज्ञान प्राप्त करो" पर व्याख्यान की व्यवस्था की
है। अतः विषय विभिन्न भाषाओं पर अपनी
पकड़ रखने वाले आई.ए.एस. व संरक्षक
समाजसेवी श्री म. श्रीवास्तव जी अपने
ओजस्वी उद्बोधन से विद्यार्थियों को लाभांवित
करेंगे। अतिथि विशेष आग्रह पर और
और विद्यार्थियों मध्य संवाद का भी होगा

PRINCIPAL
Govt. Hamidia Arts & Commerce
College, Bhopal

Date: / / Page no:

विशेष उद्बोधन पश्चात् सवाल-जवाब का सत्र भी रखा गया है। इसमें कुछ प्राध्यापक, विद्यार्थी एवं संस्था सदस्य जो भी चाहें जिन्हें जो शंका हो उसके तत्काल निराकरण हेतु निर्धारित विषय पर अपने सवाल अतिथि से कर सकेंगे वो उसी क्षण उस पर अपने विचार और प्रश्नों के उत्तर प्रस्तुत करेंगे। महासचिव ने बताया कि आयोजन से पूर्व आमंत्रित अतिथि का संगठन द्वारा स्वागत-सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर उन्हें पुष्प गुच्छ, बुके, शाल एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

एजेण्डे के दूसरे बिन्दु पर बताया गया कि संस्था द्वारा यह निश्चित किया है कि आगामी सितम्बर माह में शिक्षक दिवस है इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक या जो शीघ्र ही सेवा-निवृत होने वाले हैं उनका सम्मान और विदाई समारोह रहेगा, एवं साथ ही महाविद्यालय में अध्ययनरत पांच या सात उत्कृष्ट विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा इस हेतु महाविद्यालय प्राचार्य एवं एलुमिनाई प्रभारी के साथ बैठकर समिति के सदस्य ऐसे विद्यार्थियों को वरिष्ठता, उत्कृष्टता, मेरिट के अनुसार विभिन्न कक्षाओं के लिए चयन कर उनका नाम घोषित करेंगे। चयनित छात्रों को पूर्व विद्यार्थी संगठन की ओर से 2000- की छात्रवृत्ति, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इस पर भी चर्चा और निर्णय हुआ कि संस्था के कोई भी सदस्य अपने पूर्वजों की स्मृति में किसी एक कक्षा या अधिक कक्षा के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान कर सकते हैं जिसकी निर्धारित राशि उन्हें पूर्वजों की स्मृति में संस्था को प्रदान करना होगी संस्था इसका चयनित विद्यार्थी को प्रदान कर

PRINCIPAL
Govt. Hamidia Arts & Commerce

Date: / / Page no:

सम्मानित करेगी। उपस्थित सभी सदस्यों ने
उक्त योजना पर हर्ष व्यक्त करते हुए भविष्य
में भी ऐसे और बढ़कर विद्यार्थी एवं राशि देने
करने का प्रण लिया। सर्वसम्मति से समिति को
आयोजन दिनांक समय स्थान निश्चित कर
सभी सदस्यों, प्राध्यापकों व विद्यार्थियों को
आमंत्रित कर आयोजन सम्पन्न करने की
स्वतंत्रता प्रदान की गयी। आयोजन हेतु होने
वाले व्यय को भी स्वीकृत किया गया।

PRINCIPAL
Govt. Hamidia Arts & Commerce
College, Bh...l